हथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) परीक्षा-2018
JEN Machanical Degree (TSP Area)-2016
MVSI -2013
RPSC RAS/RTS-1996
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : मीनाकारी की थेवा कला ऐतिहासिक रूप से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के पास प्रतापगढ़ शहर से जुड़ी हुई है। वर्षा 1775 में थेवा की कला को महारावत सावंत ने पहचाना जब उन्होंने थेवा शिल्पकार नाथुलाल सोनी को उनकी योग्यता के लिए उपहार में भूमि देकर और राज सोनी की उपाधि से सम्मानित किया था। यह लगभग कांच पर सोने की चित्रकारी की तरह है और यह टांकला कलम जैसे उपकरण के मदद से की जाती है। थेवा कला काँच पर सोने का सूक्ष्म चित्रांकन है। काँच पर सोने की अत्यन्त बारीक काम एवं कलात्मक कारीगारी को थेवा कहा जाता है। अलग-अलग रंगों के काँच पर सोने की चित्रकारी इस कला का आकर्षण है।

191. आजम और जाजम प्रिंट राजस्थान के किस जिले का प्रसिद्ध हस्तशिल्प है?
(a) उदयपुर (b) चित्तौड़गढ़
(c) अलवर (d) जयपरु

Agriculture Superviser-2021
वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : आजम और जाजम हस्तशिल्प (प्रिंट) राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले का प्रसिद्ध प्रिंट हैं। चित्तौड़गढ के अकौला में इसकी छपाई की जाती हैं राज्य के अन्य कुछ महत्वपूर्ण प्रिंट हैः–
अचरख– बाड़मेर
पाव रजाई- जयपुर
चुनरी– जोधपुर

192. 'कावड़' बनाने के लिए कौन प्रसिद्ध है?
(a) उस्ताद लालचन्द (b) मांगीलाल मिस्त्री
(c) साहिबराम (d) चम्पालाल

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान में लकड़ी पर कलाकारी का काम खाती, खेरादी व सुधार जाति के लोग करते हैं। चितौड़गढ़ का बस्सी गांव इस हेतु प्रसिद्ध है। बस्सी गांव की माटी से जुड़े कलाकार मांगीलाल मिस्त्री करीब छः दशक से उदयपुर में रहकर काष्ठ निर्मित (कावड़) बनाने का कार्य कर रहे हैं। इन्होंने अपनी कावड़ कला को देश में ही नहीं विदेशों में भी स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।
• कावड़ लाल रंग की होती है जिस पर पौराणिक कथाओं (महाभारत, रामायण, कृष्ण-लीला) का चित्रांकन काले रंग के साथ ही पीला, नीला व सफेद रंग का प्रयोग किया जाता है।

193. पारम्परिक कलाकार मांगीलाल मिस्त्री किस क्षेत्र में प्रसिद्ध है?
(a) कावड़ (b) कठपुतली
(c) मांडणा (d) फड़

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

194. किस लोक कला के निर्माण का पुश्तैनी व्यवसाय केवल चित्तौढ़गढ़ जिले के ग्राम बस्सी में ही देखा जाता है?
(a) फड़ (b) सांझी
(c) वील (d) कावड़

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

195. कथन (A) : राजस्थानी चित्रशैलियों की विषयवस्तु मुख्यतः धार्मिक हैं।
कथन (R) : राजस्थान का समाज धार्मिक की भावना से ओतप्रोत है।
(a) (A) व (R) दोनों सही हैं।
(b) (R) सही हैं, और (A) गलत है।
(c) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की ठीक व्याख्या करता।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की ठीक व्याख्या नहीं करता।

RPSC-2011

Ans. (d) :
कथन (A) राजस्थानी चित्रशैलियाँ की विषयवस्तु मुख्यतः धार्मिक एवं संस्कृति से संबंधित थी। अतः यह कथन सत्य है।
कथन (R) : राजस्थान का समाज मुख्यतः धार्मिकता के साथ-साथ वीरता, सांस्कृतिक विभिन्नता आदि भावनाओं से ओतप्रोत था। अतः यह कथन सत्य है।
अतः विकल्प 4 सही है।
निष्कर्षतः (A) और (R) दोनो सही है किन्तु को (R), (A) ठीक व्याख्या नही करता।

196. 'जोधपुरी साफा' को प्रसिद्ध करने का श्रेय जाता है–
(a) महाराजा केसर सिंह (b) महाराजा जसवन्त सिंह
(c) महाराजा उदय सिंह (d) महाराजा सुमेर सिंह

RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture

Ans. (b) : 'जोधपुरी साफा' को प्रसिद्ध करने का श्रेय महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय को जाता है। इसे राजस्थानी साफा, पागा या मारवाड़ी पगड़ी भी कहते हैं। इसे विभिन्न जिलों में अलग-अलग पहना जाता है परन्तु जोधपुरी साफा सबसे लोकप्रिय है। पुष्कर मेले में यह आकर्षण का केन्द्र बिन्दु होती है।

197. राजस्थान में मिट्टी (टेराकोटा) की मूर्ति बनाने का मुख्य कला केन्द्र कौन सा है?
(a) मोलेला (b) अकोला
(c) शाहपुरा (d) टांकला

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (a) : राजसमन्द जिले के मोलेला गाँव का मृण शिल्प या टेराकोटा कला विश्व प्रसिद्ध है। टेराकोटा कला राजस्थान की प्रसिद्ध हस्तकलाओं में से एक है। लाल मिट्टी को पकाकर सजावटी समान बनाने की कला टेराकोटा कहलाती है। कागजी टेराकोटा के लिए अलवर प्रसिद्ध है।

198. राजसमन्द जिले में स्थित मौलेला गाँव किस लोक कला के लिए विख्यात है?
(a) मृणमय मूर्तिकला (b) काष्ठ कला
(c) वस्त्र छपाई (d) हस्तनिर्मित कागज

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

199. निम्नलिखित में से सही जोड़ा चुनिये-
(a) डोरिया साड़ी- सांगानेर (b) नमदा- टोंक
(c) अजरख प्रिन्ट- बगरू (d) लकड़ी के खिलौने-कोटा

RPSC-2011